# धुंध और कोहरे के बीच पड़ रही कड़ाके की ठंड

## न्यूनतम तापमान पहुंचा 10 डिग्री, सुबह कोहरे से आवागमन प्रभावित, दो दिन बाद फिर बढ़ी ठंड

नवभारत न्यूज

**रीवा, 22 नवम्बर, इस वर्ष नवम्बर के महीने से ही कड़ाके की ठंड शुरू हो गई और तापमान 7.5 डिग्री तक पहुंच चुका था और ठंड कम होने का नाम नही ले रही है. शनिवार को न्यूनतम तापमान 10 डिग्री पहुंच गया. जबकि एक दिन पूर्व रात का न्यूनतम तापमान 11.1 डिग्री था. दिन में धुंध और सुबह कोहरे ने ठंड और बढ़ा दी है.**



पश्चिम बंगाल के दक्षिण-पूर्वी हिस्से में बने लो प्रेसर सिस्टम का असर जिले में देखने को मिल रहा है. धुंध और कोहरा छा रहा है जिससे विजिबिलिटी 500 मीटर में सिमट गई है, लगातार गलन भरी ठंड बनी हुई है. आने वाले दिनो में शीत लहर के साथ तापमान में और गिरावट आएगी. समूचे जिले में इस समय कड़ाके की ठंड पड़ रही है. शाम ढ़लते ही ठंड का असर तेज हो जाता है. दो दिन ठंड से राहत मिलने के बाद एक बार फिर ठंड बढ़ने लगी है. तीन किलो मीटर प्रति घंटा के रफ्तार से सर्द हवाएं बह रही है. शीत लहर तेज होने पर गलन भरी ठंड बढ़ेगी, हालाकि अभी दो दिन से ठंड से राहत है. शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 11 डिग्री पहुंच गया था और दूसरे दिन 1 डिग्री घटकर 10 डिग्री पहुंच गया. रात और दिन के तापमान में काफी अंतर है, दिन में तेज धूप के साथ 27 डिग्री तापमान आका गया है जो कि पहले और नीचे खिसक गया था. आने वाले कुछ दिनो में ठंड एक बार और जोर पकड़ेगी. किसी को उम्मीद नही थी कि नवम्बर से ही कड़ाके की ठंड शुरू हो जाएगी. इस बार बारिश भी अच्छी हुई है, अक्टूबर तक बारिश का सिलसिला जारी रहा. दिसम्बर में घने कोहरे के साथ गलन भरी ठंड की संभावना मौसम विभाग ने जताई है. गेंहू की बोनी के हिसाब से यह ठंड बेहद लाभ दायक है. लेकिन पाला अगर पड़ेगा तो दलहनी फसल को नुकसान हो सकता है. अभी शाम के पहले से ही धुंध शुरू हो जाता है और सुबह कोहरे का असर दिखने को मिलता है जिससे आवागमन प्रभावित होता है. अलाव की व्यवस्था शुरू कर दी गई है.

### तीन किलो मीटर की रफ्तार से बह रही हवा

ठंड के बीच उत्तरी हवाएं तीन किलो मीटर प्रति घंटा की रफ्तार से बह रही है. जैसे ही हवा की गति तेज होगी ठंड भी बढ़ेगी. कुछ दिन पहले जिले में उत्तर-पूर्वी दिशा से 5 किलो मीटर की रफ्तार से सर्द हवाएं बह रही थी. जिसके कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई और तापमान भी 7.5 डिग्री तक पहुंच गया था. लेकिन इस समय हवा की रफ्तार धीमी है, जैसे ही सर्द हवाएं तेज होगी ठंड भी अपना असर दिखाना शुरू कर देगी. दिसम्बर में दो डिग्री तक न्यूनतम तापमान जाने की उम्मीद है. इससे और नीचे भी ठंड के साथ तापमान जा सकता है. इस बार हाड़ कपाने वाली ठंड पड़ेगी.

# ठेकेदार के साथ मापीट कर गन प्वाइंट पर की गई लूट

## नकाबपोश बदमाशों ने की वारदात

नवभारत न्यूज

**रीवा, 22 नवम्बर, रीवा जिले के गढ़ थाना अन्तर्गत बीती रात एक ठेकेदार पर हमला कर लूट का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है. सुनसान रास्ते पर बदमाशों ने ठेकेदार पर लाठी डंडों से ना सिर्फ हमला किया बल्कि गन प्वाइंट पर मोबाइल, बाइक और नगदी लूटकर फरार हो गए.**

फिलहाल बदमाशों द्वारा किए गए हमले में ठेकेदार को गंभीर चोटे आई है, जिनका रात में ही प्राथमिक उपचार कराया गया. वहीं पीड़ित ठेकेदार ने मामले की शिकायत संबंधित थाने में दर्ज कराई है जिसके बाद पुलिस घटनास्थल पहुंची है और मामले की जांच शुरू कर दी है. लूट का सनसनीखेज मामला लालगांव चौकी क्षेत्र अंतर्गत पनियारी घाट स्थित रुझौही के जंगल का है. घटना के संबंध में पीड़ित देवमूर्ति पांडे निवासी गंगेव ग्राम मठा ने जानकारी देते हुए बताया कि वह विद्युत कंपनी में संयुक्त रूप से ठेकेदारी का काम करते हैं. पीड़ित के मुताबिक शुक्रवार की देर शाम जब वह अतरैला स्थित साइड से वापस अपने घर आ रहे थे, तभी रुझौही के पास स्थित पनियारी घाट के जंगल में अज्ञात बदमाशों ने अचानक से उनके ऊपर हमला कर दिया. पीड़ित के मुताबिक बदमाश चार की संख्या में थे, जिन्होंने उनके ऊपर ताबड़तोड़ लाठियां बरसते हुए कट्टे की नोक पर जेब में रखा मोबाइल और 20 हजार की नगदी समेत बाइक छीनकर फरार हो गए. पीड़ित ने बताया कि बदमाशों ने चेहरे को नकाब से ढक रखा था, जिसके चलते उनकी पहचान नहीं की जा सकी. वहीं घटना के बाद घायल ने पास में ही स्थित एक कैंप में पहुंचकर मदद की गुहार लगाई जहां मिले लोगों की मदद से पुलिस को सूचना दी गई और घायल को उपचार के लिए सिरमौर स्वास्थ्य केंद्र लाया गया. फिलहाल प्राथमिक उपचार के बाद पुलिस अब घटनास्थल पर पहुंची है, और मौका मुआयना करने के बाद मामले को जांच में लेते हुए बदमाशों की पता तलाश शुरू कर दी है.

पीड़ित द्वारा बताए गए घटना स्थल पर लालगांव पुलिस चौकी की पुलिस पहुंची और घटना स्थलका जायजा लेने के साथ पीड़ित से पूंछताछ की. अज्ञात नकाबपोश बदमाशो की तलाश में पुलिस जुटी हुईहै.

## संक्षिप्त

### उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल करेंगे पुरस्कार वितरण

**रीवा**. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल 10 मीटर शूटिंग रेंज के राज्य स्तरीय मास्टर मीट पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि होंगे. स्पोर्टस काम्पलेक्स में आयोजित कार्यक्रम में फुटबाल मैच का आरंभ भी होगा. यह कार्यक्रम 23 नवम्बर को अपरान्ह 4 बजे से आयोजित किया गया है. संभागीय खेल और युवा कल्याण अधिकारी एम.के. धौलपुरी ने खेल प्रेमियों से उपस्थिति का अनुरोध किया है.

### एसआईआर फार्म भराने में करे सहयोग

**रीवा**. युवा कांग्रेस के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अनूप सिंह चंदेल ने कहा है



कि रीवा जिले के सभी निर्वाचित ब्लॉक अध्यक्ष, विधानसभा अध्यक्ष तथा जिले के समस्त पदाधिकारियों से अपील की जाती है कि भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे वोटर लिस्ट नवीनीकरण प्रक्रिया को पूरी गंभीरता के साथ लें. उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में मतदाता सूची का सावधानीपूर्वक निरीक्षण करें तथा जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा नियुक्त बी.एल.ओ. के माध्यम से अधिक से अधिक मतदाताओं को जागरूक कर उनके फार्म भरवाएँ, ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रह जाए. अनूप सिंह चंदेल ने आगे कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी एसआईआर प्रक्रिया को लेकर अत्यंत गंभीर हैं और चुनाव आयोग से वोट चोरी रोकने के लिए लगातार जन-जागरूकता फैलाने का कार्य कर रहे हैं. ऐसे में जिले के सभी पदाधिकारी अपनी नैतिक जिम्मेदारी निभाते हुए इस अभियान को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएँ.

### थाने की जमीन को लेकर विवाद

**रीवा**. जिले की मनगवां तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत गढ़ में पुराने थाना भूमि पर हाट बाजार निर्माण की प्रक्रिया शुरू होते ही विवाद गहराने लगा है. जहां पहले गढ़ थाने का मुख्य भवन था. जिसके पुराने भवन को जर्जर होने के कारण गिरा दिया गया, लेकिन इसके दो कमरे और पुलिस क्वार्टर आज भी वहीं मौजूद हैं. ग्रामीणों का आरोप है कि जनपद पंचायत अधिकारियों की मिलीभगत से शासकीय जमीन को व्यावसायिक प्रयोजन के लिए हाट बाजार में बदलने का प्रयास किया जा रहा है. उनका कहना है कि अगर यह हाट बाजार बन भी गया तो इसका लाभ केवल कुछ चुनिंदा लोगों को ही मिलेगा, जबकि सार्वजनिक हित प्रभावित होगा. गांव वालों की ओर से संजय पांडेय ने इस निर्माण पर आपत्ति जताई, जिस पर तहसीलदार ने निर्माण पर रोक लगाते हुए आगामी एक दिसंबर को पेशी पर उपस्थित होने सरपंच, सचिव को नोटिस जारी किया है.

### सम्पन्न हुई प्रतियोगिता

**मऊगंज**. अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला मऊगंज द्वारा भगवान बिरसा मुंडा जी की 150वी जयंती के उपलक्ष में 22 नम्वबर को सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन जिले की सभी नगर इकाई में किया गया. जिसमें लगभग 5000 की संख्या मे विद्यार्थियों ने भाग लिया. मऊगंज में शासकीय महाविद्यालय मऊगंज में भी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें प्रतिभागी छात्रों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा के अनुरूप परीक्षा दी.

### क्रिकेट एसोसिएशन की आयोजित हुई बैठक

**मऊगंज**. मऊगंज जिला क्रिकेट एसोसिएशन की बैठक सेलिब्रेशन होटल में आयोजित की गई जिसमें जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी शामिल हुए खेल मैदान ऑडिट एवं अन्य प्रस्ताव जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा मऊगंज क्रिकेट को एक नया रूप देने के लिएबैठक बुलाई गई थी. जिसमें सर्वसम्मति से सभी प्रस्ताव पारित किए गये. मऊगंज जिले में व्यापक स्तर पर खेल प्रतियोगिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य एसोसिएशन के माध्यम से आगामी दिनों में क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित किए जाएंगे और स्थानीय प्रतिभा दिखाने का युवाओं को एक नया मौका भी मिलेगा बैठक में संजय तिवारी संजू बृजवासी पटेल बृजभूषण गुप्ता नरेंद्र तिवारी कवी अजय अवधिया ज्ञानेंद्र तिवारी अजय सिंह मनीष राज गुप्ता मंटू अभिलाष सोनी कुलदीप पांडे उपस्थित रहे.

### खेत में लगी आग से फसल जलकर नष्ट

**हनुमना**. मऊगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पालक पाड़र में करीबन 2 एकड़ खेत में रखी धान की फसल में अज्ञात बदमाशों द्वारा लगाई गई आज के चलते तकरीबन 100 क्विंटल धान जलकर खाक हो गई. आग इतनी तेज थी कि दूदू कर घंटों में 2 एकड़ में रखी धान चलकर खाक हो गई. जलकर खाक हुई फसल श्रीकांत तिवारी की बताया जा रहा है बताया जाता है कि तो एकड़ में रखी धान में अज्ञात शरारती तत्वों के द्वारा लगाई आग आग ने लोग जब तक कुछ समझ पाए इसकदर भयानक रूप, लेलिया था कि गांव में हड़कंप सा मच गया था,करीब 100 क्विंटल धान की नुकसान का अनुमान, घटना की सूचना पुलिस को देने के बाबजूद नहीं मिली कोई सहायता,फायर ब्रिगेड ने भी खेत तक पहुंचने में असमर्थता जताई जिसके कारण बची खुची उम्मीद भी जलकर खाक हो गई. यदि फायर ब्रिगेड समय पर पहुंच जाता तो आग पर काबू पाया जा सकता था. लेकिन समय पर फायर बिग्रेड नही पहुंचा और फसल जलकर राख हो गई.

# गणना पत्रक डिजिटाइजेशन में 7 बीएलओ ने सौ प्रतिशत लक्ष्य किया पूरा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 22 नवम्बर, जिले के सभी 6 विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षणक का कार्य किया जा रहा है.**

कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा के निर्देशन में जिले में बीएलओ द्वारा लगातार डिजिटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है. आज भी कई बीएलओ ने सौ प्रतिशत गणना पत्रक डिजिटाइजेशन का कार्य पूरा कर लिया. कलेक्टर ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी के कठिन परिश्रम एवं लगातार प्रयास से ही समय से पूर्व डिजिटाइजेशन का कार्य किया गया है. सही रणनीति, अच्छी तैयारी और अच्छे प्रयासों से ही यह सफलता मिली है. मतदान केन्द्र क्रमांक 48 दोंदर के बीएलओ राजनारायण मिश्र, गुढ़ के बीएलओ वीरेश पाण्डेय, मतदान केन्द्र क्रमांक 83 के बीएलओ रमाकांत साकेत, मतदान केन्द्र क्रमांक 144 के बीएलओ जयप्रकाश मिश्रा, मतदान केन्द्र क्रमांक 63 के बीएलओ श्रीनारायण स्वामी, मतदान केन्द्र क्रमांक 213 के बीएलओ नाथूराम मिश्रा, मतदान केन्द्र क्रमांक 187 के बीएलओ शिवेन्द्र त्रिपाठी, मतदान केन्द्र क्रमांक 54 के बीएलओ सुरेश प्रसाद शुक्ला ने मतदाताओं के गणना पत्रक के डिजिटाइजेशन का सौ प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया है. अभी जिले भर में बीएलओ लक्ष्य पूरा करने में लगे हुए है.

# बेटी की मौत के बाद मायके पक्ष ने पति पर लगाया आरोप

नवभारत न्यूज

**रीवा, 22 नवम्बर, रीवा में एक विवाहित महिला की मौत के बाद परिजनों ने शिक्षक पति पर फंदा डालकर हत्या करने का आरोप लगाया है. महिला के भाई सहित मां ने शिक्षक पति पर न सिर्फ मारपीट कर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया बल्कि सास ससुर पर भी दहेज हत्या का आरोप लगाया है.**

मायके पक्ष को महिला के साथ हुई घटना की जानकारी उस वक्त हुई जब दो दिनों तक बातचीत और संपर्क न होने के बाद वह उनके घर पहुंचे, जहां पता चला कि महिला अस्पताल में भर्ती है और जब परिजन अस्पताल पहुंचे तो वह वेंटिलेटर पर लेटी मिली. फिलहाल उपचार के दौरान हुई महिला की मौत के बाद अब परिजन पति सहित ससुरालजनों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं. दरअसल मामला रीवा शहर के ही शारदापुरम का है जहां रहने वाली अनामिका तिवारी का विवाह 6 वर्ष पूर्व शारदापुरम निवासी रवि तिवारी के साथ हुआ था. बताया गया कि महिला का एक साल का पुत्र भी है, जिसका जन्म शादी के 5 साल बाद हुआ था. मृतक महिला के भाई ने बताया कि बीते दो दिनों से परिवार जनों से कोई संपर्क न होने पर जब घर जाकर पता लगाया गया तो पता चला कि अनामिका अस्पताल में भर्ती है जहां चिकित्सकों ने बताया कि गले में फंदा लगने की वजह से उसकी यह हालत हुई है. फिलहाल उपचार के दौरान हुई महिला की मौत के बाद भाई ने आरोप लगाते हुए कहा की शिक्षक पति द्वारा शादी के बाद से ही उसकी बहन को प्रताड़ित किया जा रहा था. फिलहाल उपचार के दौरान हुई महिला की मौत के बाद अब परिजनों ने ना सिर्फ आरोप लगाए हैं बल्कि कार्रवाई की भी मांग की है. मायके पक्ष द्वारा लगाए गए आरोपो की जांच के बाद ही स्पष्ट होगा कि मामला क्या है.

मामले में अस्पताल चौकी पुलिस द्वारा परिजनों के बयान दर्ज कर पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव का पीएम कराया जा रहा है और मामले को जांच में लिया है.

# गणना पत्रक डिजिटाइजेशन के कार्य की चल रही मानीटरिंग

नवभारत न्यूज

**रीवा, 22 नवम्बर, मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के तहत प्रत्येक मतदाता से गणना पत्रक में जानकारी प्राप्त कर उसका डिजिटाइजेशन किया जा रहा है.**



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देश पर सेक्टर अधिकारी, प्रभारी अधिकारी एवं एसडीएम लगातार भ्रमण कर एसआईआर कार्य की मानीटरिंग कर रहे हैं तथा बीएलओ को डिजिटाइजेशन कार्य में आ रही कठिनाईयों को भी दूर करा रहे हैं. कलेक्टर ने निर्देश दिये थे कि बीएलओ तय समय सीमा में कार्य पूरा करने के लिए अन्य कर्मचारियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग लें.

कलेक्टर के निर्देश पर गणना पत्रक के डिजिटाइजेशन का कार्य जिले में तेजी से किया जा रहा है समय से पूर्व कार्य को शत प्रतिशत पूरा करा लिया जायेगा.

### आज मनाई जाएगी जयंती

रीवा, 22 नवम्बर, ओबीसी महासभा जिला इकाई रीवा के तत्वाधान में वीरांगना रानी झलकारी बाई की 195 जयंती समारोह 23 नवंबर को दोपहर 1:00 बजे से संत गाडगे चौक रीवा में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ आयोजित किया जा रहा है. इस समारोह के मुख्य अतिथि महंत सनथ साहिब कबीर संस्थान रीवा, अध्यक्षता जेपी कुशवाहा पूर्व महापौर प्रत्याशी रीवा होंगे. आयोजक छोटेलाल रजक ने सभी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं एवं सामाजिक चिंतकों से अपील की है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर सफल बनाएं.

# जिले में अब तक हुआ 54.61 प्रतिशत गणना पत्रक डिजिटाइजेशन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 22 नवम्बर, रीवा जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य तेजी से जारी है. मतदाता के सत्यापन के लिए गणना पत्रक का शत-प्रतिशत वितरण कर दिया गया है.**

अब सभी बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं से गणना पत्रक भरवाकर उसे संकलित कर रहे हैं. कई बीएलओ ने अपने सभी मतदाताओं के गणना पत्रक संकलित करके शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन कर दिया है. अन्य बीएलओ गणना पत्रक संकलित करके बीएलओ ऐप के माध्यम से डिजिटाइज कर रहे हैं. इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि 22 नवम्बर को शाम 5 बजे तक मतदाताओं से 759470 गणना पत्रक प्राप्त कर इसे डिजिटाइज कर लिया गया है. यह कुल लक्ष्य का 54.61 प्रतिशत है. विधानसभा क्षेत्र सिरमौर में लक्ष्य का 58.81 प्रतिशत, सेमरिया में 58.66 प्रतिशत, त्योंथर में 55.79 प्रतिशत, मनगवां में 50.75 प्रतिशत, रीवा में 50.06 प्रतिशत तथा गुढ़ विधानसभा क्षेत्र में 54.10 प्रतिशत लक्ष्य पूरा कर लिया गया है. जिले के 20 बीएलओ ने डिजिटाइजेशन का शत प्रतिशत लक्ष्य समय से पहले पूरा कर लिया गया है. बीएलओ घर-घर जाकर गणना पत्रक संकलित कर रहे हैं. अब तक विधानसभा क्षेत्र गुढ़ में 128401, मनगवां में 127987, रीवा में 113641, सेमरिया में 134124, सिरमौर में 132150 तथा विधानसभा क्षेत्र त्योंथर में 123167 गणना पत्रक डिजिटाइज किए जा चुके हैं. मतदाताओं से बड़ी संख्या में गणना पत्रक प्राप्त हो गए है. इन्हें डिजिटाइज करने के लिए पटवारी, ग्राम रोजगार सहायक सहयोग कर रहे है.

# सतना को हरा कर रीवा ने शानदार प्रदर्शन कर दर्ज की जीत

नवभारत न्यूज

**रीवा, 22 नवम्बर, शासकीय टी.आर.एस. महाविद्यालय रीवा में संभाग स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अर्पिता अवस्थी के निर्देशन में आयोजित इस प्रतियोगिता का वातावरण पूर्णतः अनुशासित, उत्साहपूर्ण और प्रेरणादायी रहा.**



सभी टीम के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया. सतना को हराकर रीवा की टीम ने जीत दर्ज की. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर शालिनी दुबे, विभागाध्यक्ष अंग्रेजी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रोफेसर अखिलेश शुक्ल, विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र, उपस्थित रहे. प्रतियोगिता में संभाग की तीन प्रमुख टीमों सतना (सतना-मैहर), सीधी (सीधी-सिंगरौली) तथा रीवा (रीवा-मऊगंज) ने भाग लिया. खिलाड़ियों ने अत्यंत कौशल, अनुशासन और खेल भावना के साथ अपने खेल का प्रदर्शन किया. प्रतियोगिता के तहत तीन मैच निर्धारित थे. रीवा बनाम सतना, सतना बनाम सीधी, तथा रीवा बनाम सीधी. पहला मैच रीवा और सतना के बीच खेला गया, जिसमें रीवा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की.

दूसरा मैच सतना और सीधी के बीच हुआ, जिसमें सीधी की टीम ने बेहतरीन खेल प्रदर्शित करते हुए जीत हासिल की. निर्णायक की भूमिका सुनील सिंह और अजय सेन ने निभाई.

# जांच का आश्वासन मिलने के बाद पीएम के लिये तैयार हुए परिजन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 22 नवम्बर, चोरहटा थाना अन्तर्गत जोन्हीं गांव में जमीनी मामले से परेशान महिला की आग में झुलसने से मौत हो गई. शनिवार को**

परिजनों ने जिला प्रशासन के राजस्व विभाग पर गंभीर आरोप लगाए. मृतक महिला उमा त्रिपाठी के पुत्र ने राजस्व विभाग को अपनी मां की मौत का जिम्मेदार ठहराया. पुत्र का आरोप था कि उसकी मां बीते 14 वर्षों से राजस्व मामले को लेकर भटक रही थी, लेकिन उसका निराकरण नहीं हो सका. इस घटना के बाद न सिर्फ परिजनों में आक्रोश देखने को मिला बल्कि मौके पर पहुंची पुलिस को भी काफी विरोध का सामना करना पड़ा.

फिलहाल विरोध और आरोपो के बाद राजस्व विभाग के अधिकारी आक्रोशित परिजनों से बातचीत करने अस्पताल पहुंचे और उन्हें न्याय दिलाने का आश्वासन देते हुए मामले को शांत कराया. पूरे मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया गया है. बाद में परिजन पीएम के लिये तैयार हुए.



पीएस पशुपालन उमाकांत उमराव निरीक्षण के दौरान चर्चा करते हुए

# पीएस पशुपालन ने पशु चिकित्सालय का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**रीवा, 22 नवम्बर, प्रमुख सचिव पशुपालन उमाकांत उमराव ने जिले के विभिन्न पशु चिकित्सालयों एवं अन्य संस्थाओं का औचक निरीक्षण किया.**

उन्होंने संभागीय पशु चिकित्सालय, रोग अन्वेषण प्रयोगशाला तथा कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा आवश्यक निर्देश दिये. प्रमुख सचिव ने सिरखिनी ग्राम पंचायत के पशुपालक के यहां कृत्रिम गर्भाधान से उत्पन्न वत्सों का निरीक्षण कर सेक्स सार्टेड सीमन के और अधिक असरकारक परिणाम के लिए पशु चिकित्सकों को निर्देशित किया. उन्होंने रायपुर कर्चुलियान में नवीन पशु चिकित्सालय के निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने वाली एजेंसी के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये. प्रमुख सचिव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में दुग्ध उत्पादन वृद्धि के लिए अधिक से अधिक प्रयास किये जाय तथा पशुपालकों को उन्नत नश्ल के पशुओं को पालने तथा दुग्ध वृद्धि के लिए जागरूक करने के भी निर्देश दिये.

### तीर्थदर्शन ट्रेन आज जाएगी

रीवा, 22 नवम्बर, शासन द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को एक तीर्थस्थान की नि:शुल्क यात्रा कराने के लिए मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना लागू की गई है. इस योजना के द्वारा 60 साल से अधिक आयु के मध्यप्रदेश के निवासी नागरिकों को नि:शुल्क तीर्थयात्रा का एक बार अवसर दिया जाता है. इस योजना के तहत रीवा जिले के 200 बुजुर्गों को 23 नवम्बर को सुबह 11.30 बजे रवाना होगी.